किराए में राहत यहां है

अगर आप टोरंटो के निवासी हैं और अपना पिछला किराया नहीं दे पाएं हैं या अधिक किफायती या उपयुक्त आवास के लिए आपको पहले और आखिरी महीने का किराया देने के लिए मदद की ज़रूरत है, तो आप टोरंटो रेंट बैंक अनुदान प्राप्त करने के लिए योग्य हो सकते हैं।

आप टोरंटो रेंट बैंक अनुदान के लिए योग्य हो सकते हैं, अगर:

- आप टोरंटो में रह रहे हैं
- आप कम आय गाइडलाइन के अधीन हैं और सामाजिक सहायता* प्राप्त नहीं कर रहे हैं
- आप बाजार मूल्य के अनुसार किराया दे रहे हैं
- आप अन्य सभी कार्यक्रम आवश्यकताओं को पूरा करते हैं

* सामाजिक सहायता प्राप्तकर्ता हाउसिंग स्टैबलाइज़ेशन फंड के बारे में जानकारी के लिए अपने ओंटारियो वर्क्स (OW) या ओंटारियो डिसेबिलिटी सपोर्ट प्रोग्राम (ODSP) कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए:

416-397-किराया (7368)
सोमवार से शुक्रवार 8:30 a.m. से 4:30 p.m. तक
toronto.ca/rentbank

टोरंटो रेंट बैंक क्या है?

टोरंटो रेंट बैंक, सिटी ऑफ़ टोरंटो और नेबरहुड इनफ़ॉर्मेशन पोस्ट (NIP) के बीच साझेदारी है, ये उन पात्र टोरंटो निवासियों को अनुदान देता है, जो अपना पिछला किराया नहीं दे पाए हैं या उनको रेंटल डिपॉज़िट देने के लिए मदद की ज़रूरत है। ये अनुदान देकर, टोरंटो रेंट बैंक यह सुनिश्चित करता है कि इस परेशानी का सामना कर रहे लोगों को अपने घरों में रहने और बेघर होने से बचने के लिए ज़रूरी मदद मिले।

टोरंटो रेंट बैंक ने COVID-19 महामारी के दौरान कम आय वाले लोगों और परिवारों की जरूरतों को लेकर अधिक संवेदनशील होने के लिए प्रोग्राम में बदलाव किए हैं। इसमें शामिल हैं:

- वार्षिक घरेलू आय पात्रता मानदंड में बढ़ोतरी
- टोरंटो रेंट बैंक के सभी कर्ज़ वापसी पर रोक

toronto RENTBANK NIP

TORONTO

Call 3 1 1